हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]




भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़
के प्रदेश महामंत्री बनने पर
बालोद जिले के लाडले नेता
यशवंत जैन जी
को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
22 अगस्त 2025 सुबह 11:00 बजे से
नागरिक अभिनन्दन एवं स्वागत रैली
सरदार पटेल मैदान से प्रारंभ
आप सभी सादर आमंत्रित है
Happy Birthday
विनीत - अखिल राजा दीवान

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025




नगर के व्यवसायी के निवास पर खिला 'ब्रह्मकमल', मान रहे शुभ संकेत 12



पारदर्शिता, निष्ठा और सेवा मेरी प्राथमिकता: गजेंद्र 14




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको, भिलाई (छ.ग.) (2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc(N) M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 7869513804

For Online Admission Visit : www.sscnbhilai.com


## तीजा-पोरा पर बाजारों की बढ़ी रौनक, मिट्टी के खिलौनों की सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पोला का त्यौहार नजदीक आते ही जिले के बाजार अब मिट्टी के नंदी पोला व मिट्टी के पारंपरिक खिलौने से गुलजार हो गई है, जिसके तहत ग्रामो से अब कुम्हार परिवारो द्वारा नंदी पोला बेचने जिला मुख्यालय पहुंचकर पसरा लगाते दिख रहे है। वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र से दर्जन कुम्हार जिला मुख्यालय आकर त्योहारी सामग्री का विक्रय करते है। लेकिन नगर पालिका ने कभी भी इनकी समस्या का हल नही निकाला। किसानों ने अपने कृषि कार्य से जुड़ा यह पोला त्यौहार कई मायनो में खास रहता है, जिसमे किसान अपने कृषि में सहायक पशुओ के प्रति आभार जताते हुए घर के पशुओ को नहला कर उसे विभिन्न रंगो के कपड़ो व साज सज्जा से सजाकर सिंगो मे रंग लगाकर गले मे फूल की माला डालकर घंटी बांधकर सजाने के साथ उनका पूजा अर्चना कर घर मे बने पकवान उन्हे खिलाने का काम इस दिन किसान करते है। जिसके तहत जिनके घरो में पशुधन नही होता वे मिट्टी के रंग बिरंगे रंगो से सजे नंदी बैल लेकर उनका पूजा करते है और इस दिन पशुओ को काम से आराम दिया जाता है। अब कुम्हार परिवारो द्वारा एक माह पूर्व से ही मेहनत कर मिट्टी के विभिन्न खिलौने के साथ नंदी बैलो को बनाकर व विभिन्न रंगो से सजाकर बाजार मे बेचने के लिए लाने लगे है।

### ग्रामीण परंपरा से जुड़े मिट्टी के नंदी बैल और खिलौनों की बढ़ी मांग





**बैला गाड़ी 150रु. में**

वर्तमान मे नंदी 100 से 150 रूपये जोड़ी मे मिल रहा है, पोला 100 रूपये, वही खिलौनो मे गैस चूल्हा, कढ़ाई 10 रूपये, चुल्हा, बाल्टी, चम्मच 5 रूपये मे बिक रहे है। जिन्हे खरीदने के लिए ग्राहक पहुचने लगे है। जहां पालक अपने बच्चो को लेकर उनके मनपसंद मिट्टी के खिलौने खरीदते दिख रहे है।

**सौगात : 4 करोड़ 49 लाख की लागत से शुरू हुई अत्याधुनिक सीटी स्केन सुविधा**

## मंत्री जायसवाल ने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बालोद जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय बालोद में विघ्नहर्ता भगवान गणेश के पूजा-अर्चना के पश्चात फीता काटकर सीटी स्कैन मशीन का विधिवत शुभारंभ किया।

■ मिलेगी सीटी स्कैन की सुविधा, मरीजों को होगा फायदा

इस दौरान मंत्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद में मरीजों के लिए 04 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते इसे बालोद जिले एवं अंचल के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात बताया। इसके लिए उन्होंने संपूर्ण बालोद जिले वासियों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए सीटी स्कैन मशीन की सुविधा प्रारंभ हो जाना स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सौगात है। जिला चिकित्सालय बालोद में इसकी सुविधा प्रारंभ हो जाने से अब जिले एवं अंचल के मरीजों को सिर में चोट, स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर और अन्य मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के अलावा फेफड़ों के संक्रमण, निमोनिया, फेफड़ों के कैंसर और हृदय संबंधी समस्याओं के अलावा पेट दर्द, ट्यूमर, पथरी एवं आंतो आदि की समस्याओं का पता लगाने के लिए सीटी स्कैन की सुविधा अत्यंत कारगर साबित होगा। इस अवसर पर मंत्री जायसवाल एवं अतिथियों ने सीटी स्कैन कक्ष में पहुँचकर नया ▸▸| शेष पेज 12 पर

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री जायसवाल



**बालोद।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बालोद जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय बालोद का निरीक्षण कर अस्पताल के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय बालोद के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के स्वास्थ्य सुविधाओं का पड़ताल किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने आम जनता को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद में निश्चेतना विशेषज्ञ, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ एवं रेडियोलॉजिस्ट सहित 03 विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा जिले के अनुसूचित क्षेत्रें एवं दूरस्थ क्षेत्रें के लोगों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से बालोद जिले के लिए 04 मोबाईल मेडिकल यूनिट शीघ्र प्रदान करने की जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जिला चिकित्सालय बालोद में भतएँ मरीजों के परिजनों के विश्राम हेतु जिला चिकित्सालय परिसर में अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

■ 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट, अस्पताल में 3 विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त होगी

#### सीएचसी में शवगृह व फ्रीजर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यकतानुसार शव गृहों के निर्माण के साथ-साथ वहाँ पर फ्रीजर आदि सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जरूरी मदद उपलब्ध कराने की बात कही। इस मौके पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद के निरीक्षण के दौरान पंजीयन कक्ष में पहुँचकर अस्पताल में प्रतिदिन भतएँ होने वाले मरीजों की औसतन संख्या के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के ओपीडी कक्ष, आपात चिकित्सा कक्ष के अलावा अस्पताल के विभिन्न कक्षों का मुआयना किया। उन्होंने अस्पताल में भतएँ मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल के अलावा उनका इलाज, दवाइयों की समुचित उपलब्धता, समय पर भोजन, नाश्ता आदि सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के वार्डों एवं स्नानागार की स्थिति एवं समय पर चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा ▸▸| शेष पेज 12पर

## 205 मवेशी बरामद, तस्करी के आरोप में 3 गिरफ्तार, 3 फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



रात के अंधेरे में क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 205 मवेशियों को पुलिस ने गौ-सेवकों की टीम के सहयोग से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई बालोद जिले के ग्राम चिरईगोड़ी नहर पुलिया के पास की गई। 20 अगस्त की शाम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के गौ-सेवा विभाग के पुरूषोत्तम सिंह राजपूत को ग्राम अंगारी के मजदूरों से सूचना मिली कि कुछ लोग बड़ी संख्या में मवेशियों को चिरईगोड़ी के रास्ते से मुजगहन की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुरूषोत्तम सिंह ने अपनी गौ-सेवक टीम के साथ चिरईगोड़ी नहर पुलिया पर नाकेबंदी की।

■ आरएसएस के सहयोग से पुलिस ने चिरईगोड़ी में आरोपियों को पकड़ा

शाम करीब 7 बजे, उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति और पांच अन्य लोग 205 मवेशियों को डंडे से मारते-पीटते हुए ले जा रहे थे। इन मवेशियों में 100 गाय, 40 बछिया, 55 बछड़े और 10 बैल शामिल थे। गौ-सेवकों ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की, तो तीन लोग भाग निकले। हालांकि, उन्होंने मोटरसाइकिल सवार और दो अन्य पैदल लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम युगल किशोर साहू, ताम्रध्वज साहू और हरीश कुमार साहू बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वे ये मवेशी कलंगपुर, फुण्डा और हल्दी से इकट्ठा कर रहे थे और इन्हें वध के लिए कोण्डागांव होते हुए ओडिशा भेजने की तैयारी थी। भागने वाले उनके साथियों के नाम बंशीराम, डेंगा और देव हैं, जो कोण्डागांव के रहने वाले हैं।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

प्रधान आरक्षक दुर्योधन यादव ने मौके पर पहुंचकर पुरूषोत्तम सिंह राजपूत की रिपोर्ट पर देहाती नालसी दर्ज की। इसके आधार पर, सभी 6 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 11(1)(क) (पशु क्रूरता निवारण अधिनियम) और छत्तीसगढ़ कृषि पशु संरक्षण अधिनियम की धारा 10, 4, 6 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## विवाद को सुलझाने गए व्यक्ति के साथ मारपीट, आरोपी पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

दो लोगों में हो रहे विवाद को शांत करा रहे तीसरे व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमे गाली गलौज व मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने मामले मे धारा 115(2), 296, 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीपर पारा धान मंडी निवासी कोमल देवांगन ने पुलिस को बताया कि शाम पीपर पारा धान मंडी के पास दुकान में चाय पीने के लिए बैठा था, कि उसी समय गांव का रोमेन्द्र ठाकुर और प्यारे साहू आपस में पीपर पारा धान मंडी के पास दुकान के सामने किसी बात पर से वाद विवाद कर रहे थे, जिसे देख सुनकर मैं जाकर उन दोनो को वाद विवाद क्यों हो रहे हो, लड़ाई झगड़ा मत करो बोलने पर रोमेन्द्र ठाकुर तुम हमारे बीच मे बोलने वाले कौन होते हो कहकर आवेश में आकर गाली देकर धमकी देते हुए मेरे गाल में हाथ मुक्का से मारपीट किया। थोड़ा देर बाद रोमेन्द्र ठाकुर अपने घर से लोहे का टंगिया लाकर अपने मारने पीटने की धमकी दे रहा था। प्रार्थी ने बताया मारपीट से मेरे बाएं गाल, कनपट्टी में चोट आया है दर्द हो रहा है।

### खबर संक्षेप

#### गणेश उत्सव समिति ने की मैराथन दौड़ स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा में युवा गणेश उत्सव समिति द्वारा 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 31 अगस्त को रखा गया है। प्रतियोगिता रविवार को प्रातः 7 बजे रखा गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये रखा गया है। समिति के सदस्य पूनम यादव, सुनील साहू, योगेंद्र यादव, यज्ञ दत्त यादव, लोकेंद्र साहू, विजेंद्र साहू ने बताया कि मैराथन दौड़ सुबह 7 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले धावक को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

#### एक से दस सितंबर तक नगर सैनिकों का दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा

**बालोद।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना जिला बालोद द्वारा बालोद जिले के आश्रम एवं छात्रवासों के लिए चयनित महिला एवं पुरुष नगर सैनिक को 01 सितंबर से 10 सितंबर तक जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी कार्यालय बालोद में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर दस्तावेजों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दस्तोवजों के सत्यापन के उपरांत सभी चयनित नगर सैनिकों को कार्यभार ग्रहण करना आवश्यक है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बालोद ने चयनित अभ्यर्थियों को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं 01 सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होने को कहा है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण एवं पुलिस चरित्र सत्यापन में अयोग्य पाए जाने पर सेवा से पृथक कर दी जाएगी। उन्होंने इस संबंध में शपथ पत्र भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

#### नगर के युवा वॉलेंटियर इंटर स्टेट रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप का करेंगे प्रतिनिधित्व

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य से शासकीय महाविद्यालय बालोद के दो वॉलेंटियर का चयन इंटर स्टेट यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ है। एमए अर्थशास्त्र के विद्यार्थी एवं यूथ रेड क्रॉस वॉलेंटियर लक्ष कुमार साहू तथा बीएससी तृतीय वर्ष के रेडक्रॉस वॉलेंटियर राजेश बक्शी बालोद जिले व छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रशिक्षण शिविर पंजाबी धर्मशाला, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में 22 से 28 अगस्त तक आयोजित होगा। इस इंटर स्टेट कैंप में देशभर के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए रेडक्रॉस स्वयंसेवक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से कुल 27 वॉलेंटियर इस शिविर में भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, रक्तदान जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा नेतृत्व क्षमता पर ट्रेनिंग देंगे।

#### युवक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि कैम्प 2 छावनी निवासी डी. राहुल अपने दोस्त आसिफ शेख के साथ घासीदास नगर कॉपरेटिव के पास बातचीत कर रहा था।

**रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता भी की आयोजित**

## बीरेझर में स्तनपान सप्ताह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



ग्राम पंचायत बीरेझर (अंजोरा ख)में विश्व स्तनपान सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिताएं ग्राम बिरेझर सेक्टर, अंजोरा परियोजना एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग ग्रामीण के परियोजनाअधिकारी श्रीमती उषा झा के मार्गदर्शन में पर्यवेक्षक गीतांजली भैंसारें सेक्टर अंजोरा द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत बीरेझर के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बीरेझर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता रैली निकाली गई एवं 6 माह पूर्ण जयनिश देशमुख का अन्नप्राशन किया गया। शारदा निषाद को स्वस्थ शिशु हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपत सदस्य किशोरी लाल देशमुख जी उपस्थित रहे। चित्रा इंगले, यदु और स्वास्थ्य विभाग सेए.एन.एम. शिव कुमारी ठाकुर उपस्थित रही। ए.एन.एम. द्वारा स्तनपान का महत्व समझाते हुए बताया गया कि स्तनपान करवाना मां और शिशु दोनों के लिए कितना फायदेमंद है एवं मां का पहला दूध और एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान कराना क्यों जरूरी है। इस विषय पर प्रकाश डाला गया। पर्यवेक्षक गीताजंली भैंसारे द्वारा मां को अपने और शिशु के ध्यान रखने हेतु विभाग द्वारा प्रदाय की जा रही योजनाओं एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

जिसमें रंगोली में प्रथम अम्बा साहू द्वितीय पुष्पा देशलहरे मेंहदी में प्रथम खुशबू निषाद द्वितीय तीशा निषाद आयीं। कार्यक्रम में कार्यकर्ता शशि चौहान, ओमकेश्वरी, असम निषाद, पुर्णिमा देशमुख, कुंजलता देशमुख, धनेश्वरी देशमुख, समूहों की महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI DAGANIA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)

अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)

89595-93937 • 89595-44444

# नए मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य, जिम्मेदार हर दिन की दें रिपोर्ट

## ई आफिस प्रणाली, वाटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण, सिटी डेवलपमेंट प्लान को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें वृक्षारोपण, ई-आफिस प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की प्रगति, सिटी डेवलपमेंट प्लान, आगामी माह से रजत जयंती महोत्सव, मौसमी बिमारियों के नियंत्रण, जलकर वसूली, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशे के खिलाफ मुहिम, अतिक्रमण एवं कलेक्टर टी.एल. सहित जनदर्शन जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

निगम आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व के जमीन में सागौन, महोगनी जैसे कीमती पौधों का वृहद रोपण कराये जाने के संबंध में चर्चा की गई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करना है।

इसके लिए मकान मालिको एवं दुकान संचालकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए प्रेरित करना है। चयनित एजेंसियों से प्रति दिवस की प्रगति दें। जोन 1, जोन 2 एवं भवन अनुज्ञा शाखा में किये गये निविदा अनुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किये हैं । सिटी डेवलपमेंट प्लांन में शामिल कार्यो को वेब साईट में अपलोड कर जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों से सुझाव ले।

### जल कर वसूली में है कमी

निगम आयुक्त पांडेय ने कहा कि निगम भिलाई से जो हितग्राही/परिवार नल कनेक्शन लिए है, उनको जलकर जमा करना अनिवार्य है। जलकर की वसूली में कमी को देखते हुये एजेंसी नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। संबंधित कार्य का निविदा किया जाना है। जलकर जमा नहीं करने वालो पर कार्रवाई करें। शहर में 50 माईक्रोन से नीचे पालीथीन ब्रिकी/इस्तेमाल करने वालो के खिलाफ कार्यवाही किया जाना है। निगम क्षेत्र में 12548 लीज होल्डर्स है, जिसका जोनवार सूचीबद्ध कर मानिटरिंग करना है। राजस्व की जमीन के साथ नजूल की जमीन को सुरक्षित करना है, जोनवार सूचीबद्ध रहे।



तालाबों का हो सीमांकन : आयुक्त पांडेय ने कहा कि तालाबों का सीमांकन प्राथमिकता से किया जाये, जिससे अवैध कब्जा या अतिक्रमण हटाया जा सके। निगम में संचालित वाहनो का किराया निर्धारण की प्रक्रिया को तत्काल किया जाना है, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो।

### नशे के खिलाफ मुहिम

आयुक्त ने कहा कि नशे के खिलाफ मुहिम अंतर्गत अंधेरे स्थलों को प्रकाशित करना है, जिससे असमाजिक तत्व एवं गलत लत में लिप्त लोगो को नियंत्रित किया जा सके साथ ही चिन्हांकित स्थलो का पुलिस टीम के साथ निरीक्षण किया जाना है। रोड, नाली के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने एवं कंडम वाहन रख सड़क बाधिक करने वालो पर कार्यवाही करना है। 70 वर्ष से उपर के वरिष्ठ नागरिको को लाभ दिलाने आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण अविलंब पूरा करना है।

## खबर संक्षेप

### मॉल के स्पा सेंटर में दबिश

**भिलाई।** पुलिस ने सूर्या मॉल पर स्थित स्पा सेंटर में दबिश देकर कार्रवाई किया है। 7 स्पा और ब्यूटी सैलून में दबिश देकर स्पा व ब्यूटी सेलून में कार्रवाई की गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि अवकाश के दिन भी न्यू एलोरा स्पा, रॉयल रिलेक्सिंग स्पा, द फाइनिंग स्पा, द राइजिंग स्पा, कृतिमा स्पा एंड ब्यूटी, संजू स्पा एंड ब्यूटी और दिशा स्पा एंड ब्यूटी खुले मिले। इससे पहले भी पुलिस ने इन सेंटरों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी थी। चेकिंग के दौरान न केवल ये स्पा खुले पाए गए, बल्कि संचालिकाओं ने पुलिस टीम और साक्षियों से विवाद भी किया। लोगों के बीच अशांति का माहौल बना। पुलिस ने सभी संचालिकाओं को गिरफ्तार कर सुपेला पुलिस ने अपराध कायम किया है। इनके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126 और 135 के तहत कार्रवाई की। एएसपी ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले सेंटरों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### अंडर 14 और 19 क्रिकेट टीम चयन का पंजीयन शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आगामी क्रिकेट सत्र 2026.27 के लिए अंडर14 और अंडर.19 क्रिकेट टीमों के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इन टीमों को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधत्वि करने का अवसर प्राप्त होगा। पंजीयन की प्रक्रिया 22 व 23 अगस्त को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। इसमें संयंत्र के कर्मचारियों के बच्चे ,भिलाई परिधीय क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे।

## सभी अनुभागों में नहीं हैं कैंटीन, मैन्यू के अनुरूप नहीं मिलता नाश्ता

# कर्मियों के लिए सालभर बाद भी नहीं काफी हाउस, अफसरों के लिए वर्षों से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों के लिए दो काफी हाउस खोले जाने की योजना पर सालभर बाद भी अमल नहीं किया गया है। इससे कर्मियों को चाय नाश्ते के लिए भटकना पड़ रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द काफी हाउस निर्माण कि जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के लिए मेन गेट के निकट इस्पात भवन में काफी हाउस है। इससे अधिकारियों को चाय ब्रेक फास्ट के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। उन्हें स्वादिस्ट नाश्ता मिलने के के साथ वक्त भी बचता है। लेकिन कर्मचारियों के लिए प्लांट में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। लेकिन हजारों कर्मचारियों के लिए इस तरह की कोई सुविधा प्लांट में नहीं है। वे पिछले कई साल से चाय नाश्ते के लिए कैंटीनों पर निर्भर हैं। इसके चलते उन्हें असुविधा हो रही है। कर्मियों की परेशानियो को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ द्वारा करीब साल भर पूर्व बीएसपी प्रबंधन से कर्मचारियों के चाय नाश्ते की सुविधा के लिए बीएसपी में दो काफी हाउस निर्माण किए जाने की मांग गई की थी। यूनियन के मुताबिक प्लांट में कई अनुभागों में कैंटीन नही हैं और कुछ दूर हैं। कैंटीनों में हर समय नाश्ता भी नहीं मिलता है। इसे देखते हुए सीजीएम से दो काफी हाउस निर्माण की मांग की गई थी,जिस पर जल्द सुविधा उपलब्ध कराने कहा गया था।

### बीएसपी में यूनियनों ने की जल्द योजना पर अमल की मांग



### नाइट शिफ्ट में परेशानी

बीएसपी में नाइट शिफ्ट करने वाले कर्मचारियों को चाय,काफी या नाश्ते के लिए भटकना पड़ता है। इसकी वजह अधिकतर कैंटीनें बंद हो जाती हैं या फिर सभी प्रकार का नाश्ता नहीं मिलता है। कर्मियों ने बताया कि कुछ कैंटीनें तो शाम को ही सिमटने लगती हैं। चाय के लिए भी बहुत रिक्वेस्ट करने पर मुश्किल से बनाते हैं।

### कैंटीनों को भी करें अपडेट

बीएसपी में कर्मियों के चाय नाश्ते की सुविधा के लिए संचालित की जा रहीं कैंटीनों को भी अपडेट किए जाने की मांग यूनियनें पिछले लंबे समय से कर रही हैं। बीएसपी वर्कर्स यूनियन बीडब्ल्यूयू के उज्जवल दत्ता ने बताया कि बीएसपी में 12 हजार कर्मचारी और बीस हजार से अधिक ठेका मजदूर काम करते हैं। लेकिन कैंटीनों में मैन्यू के अनुरुप नाश्ते की उपलब्धता नहीं होने के अलावा व्यवस्थित रुप से बैठने, कूलर व सफाई आदिक की समस्या बनी हुई है। कैंटीनों में कई बार सुधार की मांग प्रबंधन से की जा चुकी है।

## जामुल पालिका में हंगामा करने वाले के खिलाफ एफआईआर

**भिलाई।** विकास कार्य और समस्या को लेकर पालिका जामुल पहुंचे भीड़ ने जमकर हंगामा किया है। हंगामा करने के मामले में दो के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक जामुल निवासी रश्मि वर्मा, संजय साहू द्वारा पालिका में भीड़ लाकर हंगामा कर रहे थे। 19 अगस्त को नपा कार्यालय जामुल में ये दोनों पहुंचकर उप-अभियंता सचिन भागवत के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज किया। अधिकारी से मारपीट करने तक की धमकी दी। जिससे पालिका में कार्यरत अधिकारियो एवं कर्मचारियो में भय व्याप्त हो गया। जिस पर 20 अगस्त को उप-अभियंता द्वारा लिखित में शिकायत पत्र सीएमओ को दिया गया। नगर पालिका प्रशासन ने पालिका कार्यालय जामुल हंगामा करने वाले रश्मि वर्मा, संजय साहू के खिलाफ जामुल पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 221, 296, 351(3) के तहत कार्रवाई किया है।

## भिलाई स्टील प्लांट में टला बड़ा हादसा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आज फिर एक हादसा टल गया। देश शाम कोकओवंस बैटरी विभाग गाइड कार का नीचे का हिस्टा टूटकर नीचे गिर गया। करीबन 7 बजे गियर बाक्स संरचना का यह लोहे का हिस्सा बी शिफ्ट में बकेट कार -1 के आपरेटर केबिन पर गिरा। इससे बकेट कार11 सीओ और सीसीडी बाल बाल बच गए। कोई जनहानि नहीं हुई।



# पारदर्शिता, निष्ठा और सेवा मेरी प्राथमिकता: गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने बुधवार को रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री पद ग्रहण किया। उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग का मंत्रालय दिया है। मंत्री बनने के बाद गजेंद्र यादव ने देर शाम अहिवारा पहुंचे।

जहां उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जो उन पर विश्वास जताया है, उसके लिए उनका और पार्टी हाईकमान का आभार। उन्होंने हरिभूमि के **प्रधान संपादक हिमांशु द्विवेदी** का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा चुनाव को लेकर उनकी टिकट तय होने वाली थी, तब भी उन्होंने कहा था कि आपकी टिकट फाइनल है।



■ दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव को मिला स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्रालय

इसके बाद तीन दिन पहले ही उन्होंने खबर के माध्यम से बताया दिया था कि कैबिनेट का विस्तार होने जा रहा है। तीन नए चेहरे मंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग का मंत्रालय मिलने पर कहा कि यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बहुत से बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। मूलभूत सुविधाओं के साथ बच्चों का बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास करने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है। उन्होंने ग्रामोद्योग को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकल फॉर वोकल अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण परिवेश को मजबूत करने में यह मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने मंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा कि मैं संकल्प लेता हूं कि पारदर्शिता, निष्ठा और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए छत्तीसगढ़ को नई दिशा और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करूंगा।

### पैतृक ग्राम पहुंचे और बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

गजेंद्र यादव देर शाम अपने पैतृक ग्राम अहिवारा पहुंचे, जहां उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद मिला। बचपन के मित्रों से मिले। सामाजिक बंधुओं से चर्चा की। इस दौरान उनके पिता बिसरा राम यादव भी मौजूद थे। 21 अगस्त को गजेंद्र यादव दुर्ग में रहेंगे। जगह-जगह उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का अपमान

**भिलाई।** शहीद वीर नारायण सिंह के प्रतिमा का अपमान करने का मामला सामने आया है। जिसे लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश है। मिली जानकारी के मुताबिक आदिवासी समाज ने इसे देख पुरखों का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का अपमान बताते हुए कहा है कि दोषियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर कर गिरफ्तारी की मांग की गई है।

## संगीत संध्या में कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से जगाया जज्बा

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर महात्मा गाँधी कला मंदिर में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक सौमिक डे विशेष अतिथि थे। संयंत्रकर्मियों और अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं ने देशभक्ति गीत सुनाए। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन कर्मियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं। संगीत समाज को जोड़ने वाली शक्ति है।

कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। इस अवसर पर डीजीएम राजेंद्र प्रसाद सहित उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, पीटी



उल्लास कुमार व दुष्यंत हरमुख, दिलीप शर्मा, दीपांकर दास, रविन्द्र कर्मकार, भालचन्द्र शेगेकर, देबब्रत मजुमदार, भागवत साहू, सतीश सिन्हा, साई चक्रवर्ती, समीर दास, अलंकर समद्दर व सरजीत चक्रवर्ती तथा ओंकार निर्मलकर की भागीदार रही। कुमार पाल, गोविन्द खरवार, मंजीता भारद्वाज, उत्तरा ओखदे, शिरीश ओखदे, मधुरिमा रे, उमाशंकर, भाश्वती बोस, नूर मोहम्म्द, पंकजिनी, रंजीत मिंज, सरोज दुबे, टी निखिल, तान्या समद्दार, जीपी पांडियन, शालिनी पांडियन, जहांआरा, जितेन्द्र साहू, ज्ञानु मैत्रेय, उत्तरा ओखदे, मधुरिमा रे, दीपंकर रे, नूर मोहम्मद तथा समवेत स्वर।

## अस्पताल की ऑनलाइन व्यवस्था हो दुरुस्त, सीटू ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेक्टर 9 हास्पिटल में सीटू यूनियन ने हास्पिटल मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम को पूरी तरह से सुधारते हुए सभी काउंटर से आनलाइन और आफलाइन स्लिप द्वारा दवाई देने की व्यवस्था करने की मांग की है। यूनियन ने कार्यपालक निदेश को पत्र भेजकर बताया कि आनलाइन खामियां दूर करने विभाग सीएंडआईटी की ओर से अभी तक सिस्टम को दुरुस्त नहीं किए जाने से अस्पताल के कर्मी एवं मरीज दोनों परेशान हो रहे हैं।

सीटू ने कार्यपालक निदेशक को पत्र लिखकर सेक्टर 9 अस्पताल में ऑनलाइन दवा वितरण एवं एंट्री सिस्टम से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण की मांग की है। फार्मेसी में ऑनलाइन दवा वितरित करने का एक काउंटर था जिसे अब चार किया गया है एवं चार काउंटर ऑफलाइन दवाई वितरित कर रहे हैं मरीज अलग-अलग ओ पी डी में डाक्टर को दिखाने पर एक डाक्टर ऑनलाइन दवा लिखने एवं दूसरे डाक्टर ऑफलाइन स्लिप में दवा लिखने पर मरीज को अलग-अलग काउंटर में घंटों लाइन लगाना पड़ता है।इन्फार्मेशन सिस्टम दुरुस्त हो जाने से अस्पताल के विभिन्न विभागों और कार्यों को एक डिजिटल प्लेटफार्म में एकीकृत किया जा सकेगा, जिससे अस्पताल के कार्य प्रवाह को डिजिटल और सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ अस्पताल के भीतर दक्षता, सटीकता और संचार में व्यापक सुधार होगा।

## पेज 9 के शेष

### मंत्री जायसवाल ने जिला ...

एवं अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने सीटी स्कैन कक्ष बेहतर व्यवस्था की भी सराहना की। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय बालोद में रेडियोलॉजिस्ट, टेक्नीशियन एवं अन्य स्टाफ के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू एवं बीरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव पवन साहू के अलावा देवलाल ठाकुर,एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीएचसी में शवगृह व ...

प्रदान करने तथा अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों में अपने कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता एवं ईच्छा शक्ति का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सीय पेशा को बहुत ही पावन, पुनीत कार्य बताते हुए चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, लगन, मनोयोग तथा प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय बालोद के अलावा जिले के अन्य चिकित्सालयों में भी उपलब्ध संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों के मांग पर जिले के दुर्घटनाजन्य पुरूर क्षेत्र में 108 एवं मंगचुवा क्षेत्र में 102 एम्बुलेंस सेवा शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से आम जनता के हित में बालोद जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जाएंगी।




बालोद जिले के गौरव, आदरणीय
श्री यशवंत जैन जी
को भाजपा प्रदेश महामंत्री
बनने पर व
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई..!
शुभकामनाएँ..!
22
अगस्त

## खबर संक्षेप

### एडीईओ भर्ती में जान बूझकर पूछे गए गलत सवाल : राकेश

दुर्ग। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा मामले में परीक्षार्थी गड़बड़ी का आरोप लगा



रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इन आरोपों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में व्यापम के अधिकारियों ने जानबूझकर गलत सवाल पूछे हैं, ताकि मामला कोर्ट में जाकर अटक जाए। युवाओं को नौकरी देना न पड़े। व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा ने तो इस बार हद पार दी है। 12 सवाल गलत पूछे गए, परिणामस्वरूप ये 12 सवाल विलोपित कर दिए गए। उन्होंने कहा कि क्या व्यापम में बैठाए गए पेपर सेट करने वाले बड़े- बड़े अधिकारी नींद में पेपर सेट करते हैं। 100 सवाल भी सहीं नही पूछ पाए। एडीईओ भर्ती परीक्षा में कुल 2 लाख 22 हजार 304 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें परीक्षार्थियों की ओर से कुल 21 प्रश्नों में अर्थात 20 प्रतिशत से भी ज्यादा प्रश्नों में झोल झाल बताया जा रहा है। व्यापम और सरकार पूरे मामले में अब तक चुप क्यों है। इस मामले को लेकर सरकार को जवाब देना चाहिए।

### कार्य में लापरवाही 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश

दुर्ग। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्ड 17, स्टेशन वार्ड और रेलवे स्टेशन लाइन वार्ड का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में लापरवाही और ढिलाईमिली। जिस पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सफाई दरोगा, एमसीसी स्टॉफ के कर्मचारियों और सुपरवाइजर्स का दो दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि निगम का मुख्य उद्देश्य जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देना है और किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सीधे जनता को प्रभावित करती है।

### भिलाई तीन से चार जुआरी गिरफ्तार

भिलाई। जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शांति नगर प्रशांत बंछोर के खुले मकान मे प्लास्टिक के बने चौकोर गुल गोटी खेला जा रहा था। पुलिस ने दबिश देकर इंदिरा पारा भिलाई 3 निवासी सुरज कुमार सोनी, शांति नगर हरीश तारक, पीएम आवास चरोदा राजू मारकंडे, शांति नगर अश्वनी सिंघानिया को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती और नगदी 10 हजार 770 रूपये जप्त किए। कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भरतद्वाज समेत अन्य का योगदान रहा है।

### मकान से लाखों की चोरी, अपराध दर्ज

भिलाई। मकान का ताला तोड़कर अज्ञात द्वारा नगदी समेत जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। उतई पुलिस ने बताया कि डूमरडीह निवासी संजय कुमार साहू शुभम के मार्ट उतई में कैशियर का कार्य करता है। 18 अगस्त की शाम परिवार समेत नया रायपुर गया था। दूसरे दिन घर पहुंचने पर ताला खोलकर भीतर प्रवेश करने पर सामने सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात चोर ने हाल में बने खिडकी में लगे राड को काटकर अज्ञात ने सामान पार किया। मकान से सोने का रानी हार 95 हजार का, सोने का टाप्स 15 हजार, चैन 15 हजार और चांदी का पायल समेत नगदी 3500 रूपये गायब है। चोरी हुए सामानों की कीमत 1 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है।

### गोगो पेपर बेचने वाला पकड़ाया

भिलाई। अवैध रुप से गोगो पेपर बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री ने बताया कि टंकी मरोदा मैत्री गार्डन चौक पर स्थित पान ठेला में उपेंद्र शाह ने मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर उपलब्ध करा रहा था। जिससे आमजनो में भारी आक्रोश था। कई बार मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर बेचने से मना भी किया। बावजूद उपेंद्र शाह गोगो पेपर बेच रहा था। आरोपी से 15 नग जब्त किया गया।

## शिकायत : जिपं सदस्य दानेश्वर के नेतृत्व में किसान मिले कलेक्टर से

# टमाटर की फसल हो गई खराब, लोन वसूली के लिए बैंक भेज रहा है नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के 12 से अधिक गांवों के किसानों की टमाटर की फसल खराब हो गई। इस वजह से किसान केसीसी लोन नहीं पटा रहे हैं। इधर बैंक द्वारा किसानों पर लोन वसूली के लिए दबाव डाला जा रहा है। इसे लेकर किसान बुधवार को जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिले। दानेश्वर साहू ने कलेक्टर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

कलेक्टर ने इस मामले में बैंक से चर्चा के बाद एम मुश्त सेटलमेंट कराए जाने का भरोसा दिलाया। किसानों ने बताया कि बड़ी संख्या में किसान इससे प्रभावित हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में फसलों को खासा नुकसान पहुंचा है। इस वजह से उनके सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। ज्ञापन देने वालों में थोक सब्जी मंडी के कार्यकारी अध्यक्ष नासिर खोखर, बिसाहू साहू, सरजू साहू, सुभाष साहू, हवास साहू, देवानंद साहू, जयपाल साहू, पंचराम साहू, अनिल कुमार ताम्रकार सहित अन्य शामिल हैं।

**कलेक्टर से लगाई एक मुश्त सेटलमेंट की गुहार**



### आईडीबीआई नेहरूनगर और भिलाई शाखा से लिया लोन

जानकारी के मुताबिक किसानों ने आईडीबीआई और भिलाई शाखा से केसीसी लोन लिया है। किसानों ने बताया कि 2012-13 में यह लोन किया गया। टमाटर के दाम नहीं मिलने के कारण और नोटबंदी के कारण वह कर्ज नहीं पटा पाए। इससे उनका कर्ज मूलधन पर दो से तीन गुना तक बढ़ गया। कोरोनाकाल की वजह से भी उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। किसानों ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि अगर बैंक सेटलमेंट करते हुए कर्ज समाप्त करती है, तो हम अपनी जमीन बेचकर कर्ज पटा देंगे, लेकिन बैंक सेटलमेंट को तैयार नहीं है। और लगातार नोटिस भेज रहा है। इससे किसानों में भय व्याप्त है।

### 12 गांवों के 200 से ज्यादा किसानों की फसल हुई थी बर्बाद

जानकारी के मुताबिक जिले के खपरी, परसबोड़, बरहापुर, जाताघर्रा, कन्हारपुरी, डगनिया, बिरझापुर, बिरेतरा, घोटवानी, करेली, घोठा, भाठाकोकड़ी सहित आसपास के अन्य गांवों के 200 से ज्यादा किसानों की फसल खराब हुई। इन क्षेत्रों के किसानों से 8 लाख रुपए से लेकर 20 लाख रुपए का लोन लिया था, लेकिन फसल बर्बाद होने की वजह से वे लोन की राशि नहीं पटा पाए हैं। इस पर बैंक द्वारा लगातार किसानों पर दबाव डाला जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू के नेतृत्व में थोक फल सब्जी मंडी कार्यकारी अध्यक्ष नासिर खोखर के साथ धमधा क्षेत्र के खपरी ,परस बोड, कोल्हापुर, बरहमपुर, करेली डंगनिया, बिरजापुर सहित अन्य गांव के किसानों ने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को आज ज्ञापन सौंप कर्ज से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई ।

**कलेक्टर को कराया अवगत**

कलेक्टर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया है। किसानों ने अपनी समस्याएं बताई। बैंक द्वारा लगातार नोटिस भेजा जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि है बैंक प्रतिनिधि से बात कर एकमुश्त सेटमेंट का प्रयास किया जाएगा। -**दानेश्वर साहू,** सदस्य जिला पंचायत दुर्ग

## फिर चार बकायादारों के नल कनेक्शन काटे गए

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग राजस्व वसूली को लेकर लगातार सख्ती दिखा रहा है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने बड़े बकायादारों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की। टीम ने चार ऐसे घरों के नल कनेक्शन काट दिए जिन्होंने वर्षों से टैक्स जमा नहीं किया था। इस कार्रवाई के दौरान निगम की टीम वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 5 मरार पारा, वार्ड 6 ठेठवार पारा और वार्ड 42 कसारीडीह क्षेत्र पहुँची। टीम ने मौके पर जाकर बकाया करदाताओं को अंतिम चेतावनी देने के बाद उनके नल कनेक्शन काट दिए। बकाएदारों में बुधारू ढीमर पिता केजू राम, वार्ड 2 राजीव नगर वर्ष 2010 से 2025-26 तक बकाया टैक्स राशि 49,390, लता बाई पति सुंदर लाल सोनी, वार्ड 5 मरार पारा वर्ष 2004 से 2025-26 तक बकाया टैक्स राशि 84,720, अशोक कुमार शर्मा पिता मोहन प्रसाद शर्मा, वार्ड 6 ठेठवार पारा वर्ष 2011 से 2025-26 तक बकाया टैक्स राशि 57,560, अनंत राम साहू पिता रतन लाल साहू, वार्ड 42 कसारीडीह वर्ष 2013 से 2025-26 तक बकाया टैक्स राशि 57,989 रुपए। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि निगम की वसूली अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा जो लोग वर्षों से टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। नागरिकों को समझना होगा कि टैक्स की राशि से ही शहर का विकास और सुविधाओं का संचालन होता है।

# विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार आज जलेगा सामानों का पुतला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ पटेल चौक पर विदेशी वस्तुओं का जलेगा पुतला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक मंचों से आहवान किया है कि स्वदेशी के क्रय विक्रय भी राष्ट्र की सच्ची सेवा होगी। इसको लेकर स्वदेशी सुरक्षा स्वालंबन अभियान एवं विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार को लेकर अभियान चलाया जा रहे हैं। इसे लेकर दुर्ग जिले में 22 अगस्त दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से दुर्ग शहर के बस स्टैंड के सामने स्थित हाउसिंग बोर्ड परिसर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात आम सभा का आयोजन किया जाएगा। फिर पैदल मार्च रैली के रूप में दुर्ग के पटेल चौक पहुंचेगी। जहां विदेशी वस्तुओं की पुतला दहन किया जाएगा। स्वदेशी अभियान के प्रांत समन्वयक दिनेश पाटील ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कितना सफल रहा। हमारे वीर सैनिकों ने स्वदेशी हथियार ब्रह्मोस, आकाश और पिनाक से भारत की शक्ति को पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शन किया लेकिन यह युद्ध केवल सीमाओं पर लडा नहीं जा सकता है। अब यह एक व्यापार युद्ध है। अमेरिका ने इस युद्ध के लिए टैरिफ और चीन ने लो कास्टिंग मैन्युफैक्चरिंग को अपना हथियार बनाया। भारत को इस युद्ध को लड़ने के लिए एकमात्र हथियार है स्वदेशी। यह लड़ाई अब जनता को लड़नी है।

## साइंस कॉलेज में छात्रहित में काम करने प्रतिनिधियों ने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

■ पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के समाजशास्त्र एवं ऍमएसडब्लू विभाग में छात्र परिषद का गठन किया गया। प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें शपथ दिलाई गई। पदाधिकारियों ने छात्र हित एवं महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह एवम वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एसएन झा थे। उन्होंने छात्र परिषद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र प्रतिनिधि महाविद्यालय और छात्रों के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ एलिज़ाबेथ भगत सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे और नवगठित परिषद को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के उपरांत पौधरोपण किया गया। जिसमें प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर परिसर में पौधे लगाए तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

# केरल के नौनिहाल पढ़ेंगे भिलाई के कथाकार लोकबाबू की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ शैक्षणिक पाठ्यक्रम के नवमीं की केरला पाठावली में शामिल हुई व्हाइट कैप



भिलाई के वरिष्ठ कथाकार और भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी लोकबाबू की चर्चित कहानी व्हाइट कैप केरल प्रदेश के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल की गई है। केरल सरकार के सार्वजनिक शिक्षा विभाग के स्कूली पाठ्यक्रम के तहत नवमीं कक्षा की पुस्तक केरल पाठावली (केरला रीडर हिंदी) में उनकी व्हाइट कैप कहानी विद्यार्थियों को पढ़ाई जा रही है। शहर के विकास और मजदूरों के जीवन पर आधारित इस ज्ञानवर्धक व संदेशपरक कहानी में शहर के विकास और मजदूरों के जीवन संघर्ष को रुपायित किया गया है। बालसुलभ भावबोध से ओतप्रोत इस कहानी में समाज मेंबढ़ती असमानता और बाल मनोविज्ञान का भी चित्रण कर जागरुक किया गया है। चिरपरिचित कहानीकार और छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष मंडल सदस्य लोकबाबू की इसके पूर्व मेमना, जंगलगाथा और बस्तर बस्तर आदि कई कृतियां दिल्ली पुस्तक मेला में चर्चित रही हैं।

## प्रदेश में सरकारी दवाओं और इलाज पर आम लोगों का विश्वास कम होता जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने सीजीएमसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। संगठन के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि दुर्ग जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है। हर जिले में कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। निष्क्रिय स्वास्थ्य विभाग के कारण सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली दवाओं की शिकायत मिलने का दौर जारी है। सीजीएमएससी की एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। पिछले 14 महीना से बच्चों को खिलाई जाने वाली क्रीमी की दवा एल्बेंडाजोल टेबलेट के उपयोग पर अब रोक लगाई गई है। इन दवाओं का इस्तेमाल रायपुर के अंबेडकर हॉस्पिटल, डीकेएस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल और रायपुर के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य जिलों के अनेक सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा था। इसके कुल 6 बैच पर रोक लगाई गई है। लापरवाही देखिए कि पिछले 5 महीने में 3 दवा, 5 इंजेक्शन,4 उपकरण और किट को अब तक प्रतिबंधित करना पड़ा है। इस तरह अंदाजा लगाइये कि सीजीएमएससी किस तरह आम जनता की जान से खेल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को सीजीएमएससी विभाग को ही बंद कर देना चाहिए, क्योंकि जिस तरह से पिछले 6 महीने से विभाग में भ्रष्टाचार उजागर हुआ है।

## साध्वी प्रियदर्शना श्री के सानिध्य में दुर्ग में होंगे धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में बुधवार से पर्यूषण पर्व की धार्मिक आराधना प्रारंभ हुआ। यह 27 अगस्त को सांवत्सरिक प्रतिक्रमण कर 28 अगस्त को सामूहिक क्षमा वाणी के आयोजनों के साथ पूर्ण होगी। प

रवचन श्रृंखला अलग-अलग 8 विषयों पर आधारित होगी। प्रतिदिन प्रवचन सुबह 8:15 बजे से प्रारंभ होकर 10 बजे तक प्रवचन श्रृंखला चलेगी, जिसमें अंतगढ़ सूत्र का वाचन भी साध्वी समुदाय के द्वारा होगा। प्रतिदिन दोपहर को कल्पसूत्र का वाचन एवं अनेक धार्मिक ज्ञान ध्यान से परिपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी साथ होगा, जिसमें श्रमण संघ महिला मंडल की सदस्य इस आयोजन में सहयोग करेगी। प्रतिदिन प्रवचन सभा में पुरुष वर्ग सफेद परिधान तथा महिला वर्ग अलग-अलग साड़ियों के कलर के साथ धर्म सभा की शान बढ़ाएंगे। पर्यूषण मिटाए प्रदूषण, भादवे में जागे भद्रता ,तपस्या से मिटे समस्या, महावीर जन्मोत्सव प्रगटा जिन शासन का सितारा ,जैन धर्म और आधुनिक विज्ञान आत्म शुद्धि का उपाय, नारी विकास की धुरी सामूहिक क्षमापना के आयोजनो के साथ प्रयुषण पर्व का समापन होगा।

प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक नवपद का जाप अनुष्ठान तथा दिनभर श्रावक श्राविकाओं की धार्मिक आराधना तथा रात्रि में प्रतिक्रमण एवं आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज का चमत्कारी जाप पर्यूषण पर्व के आठ दिनों तक लगातार चलेगा।

# एल्कोहल और तंबाकू के सेवन से होती है क्रॉनिक बीमारी, यह है जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में नशा मुक्ति, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं स्वच्छता को लेकर कार्यशाला का आयोजन आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. मोहनीश भगत एवं नर्सिंग की छात्राएं उपस्थित रही।

कार्यशाला में डॉ. भगत ने एल्कोहल एवं तंबाकू से होने वाला क्रॉनिक बीमारी के बारे में बताया है। इससे मानवीय स्थिति पूरी तरह खराब हो जाती है। सुबह से शराब के लत वाले या प्रतिदिन शराब पीने से शरीर को बहुत नुकसान होता है। शराब एवं तंबाकू से नुकसान ब्रेन डेमेज, हार्ट कैंसर, लीवर कैंसर, आंत का कैंसर, पेट का कैंसर, मुंह का कैंसर एवं गले का कैंसर होता है। पुरूषो एवं महिलाओं में शराब पीने का प्रचलन आम होता जा रहा है इससे महिलाओं के गर्भधारण के दौरान समस्या हो रही है। अगर बच्चा हुआ तो बच्चो में चाईल्ड सिन्ड्रोम या मानसिक बीमारी होने का खतरा रहता है। आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि मानव खुशी पाने के चक्कर में नशा का सेवन करता है। यदि कोई दूसरा व्यक्ति नशा की ओर खीच रहा है तो स्वयं को वहां से दूर करना है। उनके बहकावे में नहीं आना है और उनके पीछे नहीं जाना है। जो व्यक्ति छोटा नशा करता है, वह नशा करने के लिए पैसा नहीं होने पर चोरी का रास्ता अपनाता है। भगवान हर व्यक्ति को कुछ अच्छा करने भेजा है, किन्तु वह अपने जीवन को व्यर्थ में बबार्द कर रहा है। नशा स्वयं के साथ पूरे परिवार को खत्म कर देता है। आयुक्त पाण्डेय ने बताया कि गिरते भूजल स्तर को बचाने एवं वर्षा जल संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। बरसात के समय छतों के पानी को संचय करना ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। शहर का वाटर लेवल नीचे जा रहा है, जिसको सुधारना अति आवश्यक है।

भविष्य में पानी की समस्या होने से अच्छा है हम सबको मिलकर अभी से पानी को संरक्षण कर बचा लेना है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में घरो, होटल, अस्पताल, सार्वजनिक भवनो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पानी बचाएं।

### ऐसे करें कचरे का मैनेजमेंट, जानिए

स्वास्थ्य प्रभारी जावेद अली ने बताया कि स्वच्छता सालिड वेस्ट मेनेजमेंट 2016 से प्रारंभ किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है संग्रहण, परिवहन, उपचार/निपटान एवं प्रसंस्करण करना है। इसके माध्यम से घरो एवं व्यावसायिक परिसर से निकलने वाले गीला कचरा की छटाई कर 45 दिन में खाद बनाया जाता है। जो फसलों एवं उद्यानों में उपयोग किया जा रहा है। जबकि सालिड वेस्ट प्लास्टिक (झिल्ली, पन्नी) का कोई निपटान नहीं है, इसलिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसका किसी भी स्थिति में निपटान नहीं किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, पीआईयू सुभम पाटनी, युक्ति देवांगन आदि उपस्थित रहे।

## आईटीआई का हुनर राष्ट्र का अमूल्य गहना

# पढ़ाई के साथ कमाई, युवा कौशल से ही राष्ट्र को मिलेगी उज्ज्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम टेडेसरा के शासकीय आईटीआई में नव कौशल, नई राह, नया हुनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि विदेशी उत्पादों की बजाय अपने कौशल से बने स्थानीय एवं स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और प्रचारित करें। यही भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने का सबसे बड़ा माध्यम है।

स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि केवल पढ़ाई पूरी कर लेना ही जीवन का लक्ष्य नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब हम अपनी शिक्षा का सही उपयोग करके रोजगार प्रदाता बनते हैं, न कि केवल रोजगार पाने वाले। स्वावलंबी भारत का सपना तभी साकार होगा जब आईटीआई से निकलने वाले युवा अपने हुनर के दम पर खुद का व्यवसाय, उद्योग और नवाचार खड़ा करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि पढ़ाई करते समय ही कमाई के अवसर कैसे तलाशे जाएं। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट, फ्रीलांसिंग, लोकल सर्विसेज और तकनीकी कार्यों के माध्यम से वे न केवल अनुभव प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कदम बढ़ा सकते हैं। इससे उनकी आत्मविश्वास बढ़ेगी और परिवार को भी आर्थिक सहयोग मिलेगा। इस दौरान आईटीआई से पढ़ाई करके स्वयं का व्यवसाय खड़ा करने वाले युवाओं का उल्लेख किया गया।

इस अवसर पर आईटीआई टेडेसरा के प्राचार्य और सभी ट्रेड के शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने कौशल का सदुपयोग कर स्वावलंबन की राह पर चलें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। संजय चौबे ने कहा कि आईटीआई के युवा यदि अपने कौशल को पहचानें, उसे निखारें और सही दिशा में लगाएं तो वे न केवल अपने लिए, बल्कि पूरे समाज और देश के लिए रोजगार और विकास के निर्माता बन सकते हैं।

## एक निवाला कम खायें, बर्तन बेचना पड़े लेकिन शिक्षा को दें महत्व

■ अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट ने बच्चों को बांटे 5 सौ नग स्टेशनरी के सामान

दुर्ग। उरला में कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों को पांच सौ नग कॉपी और पेन का वितरण किया गया। इस दौरान यादव समाज के महत्व को बढ़ाने के लिए सभी बच्चों को निशुल्क शिक्षा का महत्व बताया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष करूणा यादव और दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रही।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ने यादव जनसमुदाय से आव्हान किया कि एक निवाला कम खायें, बर्तन बेचना पड़े और हाथ से खाना खाने पड़े तो भी शिक्षा को सबसे पहले महत्व दें। आज शिक्षा के अभाव में हम अपने अधिकार व कर्त्तव्यों से विमुख है, इसलिए हमें आज छत्तीसगढ़ यादवों को दूसरों के घरों में चाकरी कर दिन हीन जीवन जीने विवश हैं। महापौर ने राज्य व केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान देते हुए कहा कि यादव समाज आज बहुत सशक्त है। वे प्रशासनिक सेवा सहित सभी महत्वपूर्ण पदों पर महती भूमिका निभाते हुए देश की सेवा कर रहे हैं। अवसर पर प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव दीपाली यादव, रेखा यादव, राम प्यारी यादव, सविता यादव, नंदिनी यादव, टीकेशवरी यादव, नेहा यादव, संगीता यादव, कविता, मंजूषा यादव, दिव्या यादव, इंदिरा यादव, इंदिरा यादव, जमुना यादव, कमला यादव सहित प्रदेश सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


बालोद जिले के लाडले नेता
मान. यशवंत जैन जी
को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़
के प्रदेश महामंत्री बनने पर
एवं जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं!
22 अगस्त
तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर
Happy Birthday
पुष्पेन्द्र चन्द्राकर
तोमन साहू

